

डॉ. वि. शांता

Dr. V. Shanta



पद्म विभूषण

Padma Vibhushan



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए

Receiving the decoration from the President

डॉ. वि. शांता

कैंसर संस्थान चैन्नई की अध्यक्ष डॉ. वि. शांता एक प्रख्यात कैंसर विशेषज्ञ हैं।

2. आपका जन्म 11 मार्च 1927 को हुआ तथा आपने मद्रास मेडिकल कॉलेज, मद्रास विश्वविद्यालय से चिकित्सा विज्ञान में स्नातक डिग्री प्राप्त की। अपनी एम. डी. पूरी करने के पश्चात, आपने कैंसर संस्थान में कार्यभार ग्रहण किया। 1954 में एक "कॉटेज हास्पिटल" के रूप में शुरू होकर आज यह 500 बिस्तरों वाला एक विस्तृत कैंसर केन्द्र, एक अनुसंधान प्रभाग, नामोदिष्ट उत्कृष्टता केन्द्र "कॉलेज आफ ओंकोलोजिक साइंस" तथा रजिस्ट्री एवं तंबाकू नियंत्रण वाला एक निवारक ऑकोलोजी प्रभाग बन कर उभरा है। इसे 1975 में उपचार एवं अनुसंधान हेतु "क्षेत्रीय कैन्सर केन्द्र" के रूप में मान्यता प्राप्त हुई जो कि अपने प्रकार का पहला ऐसा केन्द्र था।

3. आपने वर्ष 1950 में देश में पहला पीडियाट्रिक ऑकोलाजी केन्द्र स्थापित किया। आपने कैन्सर की आरंभिक पहचान के लिए एक ग्रामीण जनसंख्या सर्वेक्षण शुरू किया जिसकी परिणिति विश्व स्वास्थ्य संगठन के माध्यम से एन ओ आर ए डी द्वारा वित्त पोषित कांचीपुरम में पहले अंतरराष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण कार्यक्रम के रूप में हुई। आपने कैंसर संस्थान में "मेडिकल ओंकोलोजी" को 1970 में एक विशिष्ट शाखा के रूप में आरंभ किया जो भारत में पहली ऐसी विशिष्ट शाखा थी। वर्षों के अथक प्रयत्नों के पश्चात, आप 1983 में ओंकोलोजी की अवधारणा को एक विशिष्ट शाखा के रूप में मान्यता दिलाने में सफल हुए। इसकी परिणती वर्ष 1984 में कैंसर संस्थान तथा मुथुलक्ष्मी कॉलेज ऑफ ओंकोलोजिकल साइंस में सर्जिकल एवं मेडिकल ओंकोलोजी के प्रथम अति विशिष्ट पाठ्यक्रम के रूप में हुई। आपने संस्थान में एन. सी. आई, आई. ए. सी. आर, जापान, आई. एन. सी. टी. आर तथा अन्य के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रम भी स्थापित किया।

4. आप मार्च 2005 तक कैंसर संबंधी विश्व स्वास्थ्य संगठन की सलाहकार समिति में रहीं। आप कैन्सर संबंधी राज्य सलाहकार बोर्ड की संयोजक भी रहीं। आप लिम्फोइड नियोपलासियास पर भारत–अमरीका सहयोग दल की अध्यक्ष (इन्डिया चैप्टर), रजिस्ट्री संबंधी आई. सी. एम. आर कार्य दल की सदस्य तथा अन्ना विश्वविद्यालय के सिंडीकेट की सदस्य, इन्डियन सोसाइटी ऑफ ओंकोलोजी की अध्यक्ष (88–90), ए पी एफ ओ सी सी की अध्यक्ष (97–99) तथा 15वीं ए पी सी सी (1999) की अध्यक्ष के रूप भी पदासीन रहीं हैं।

5. आपने राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में 95 लेख प्रकाशित किए, ओंकोलोजी संबंधी पुस्तकों में अध्याय शुरू किए, कई प्रख्यात व्याख्यान दिए तथा कई अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय सम्मेलनों में भी भाग लिया है। आपको 1998 में चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय तिरूपति, आंध्र प्रदेश द्वारा डी. एस. सी. (ऑनोरिस कॉसा), 2013 में सत्यभामा विश्वविद्यालय से डी. एस. सी. (ऑनोरिस कॉसा) की उपाधियां प्रदान की गईं।

6. आपको कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है जिसमें रमन मैगेसेसे पुरस्कार (फिलीपीन्स) पदम श्री, पदम भूषण, अव्वयार पुरस्कार आदि शामिल हैं।

Dr. V. Shanta

Dr. V. Shanta, Chairman of the Cancer Institute (WIA), Chennai is a renowned oncologist.

2. Born on March 11, 1927, Dr. Shanta graduated in medicine (M.B.B.S.) from Madras Medical College, University of Madras. After completing her M.D., she joined the Cancer Institute (WIA). Starting as a cottage hospital in 1954, today it is a Comprehensive Cancer Centre with a hospital of 500 beds, a Research Division, designated a "Centre of Excellence", a College of Oncologic Sciences, a Division of Preventive Oncology with Registries and Tobacco Control. It was recognized as "Regional Cancer Centre" for treatment and research in cancer in 1975, the first such centre in the country.

3. Dr. Shanta organized the first Pediatric Oncology Centre in the country in 1950. She pioneered a rural population survey for early detection of cancer, which resulted in the first International Cancer Control Programme in Kanchipuram funded by NORAD through WHO (1969). She introduced "Medical Oncology" as a speciality in 1970 at the Cancer Institute (WIA), the first such speciality in India. After years of unremitting efforts, she succeeded in getting the "Concept of Oncology" as a speciality in 1983. This culminated in the first ever super speciality courses in surgical and medical oncology at the Cancer Institute and the Muthulakshmi College of Oncologic Sciences in 1984. She also established international collaborative programmes with NCI, IACR, Japan, INCTR and others at the Institute.

4. Dr. Shanta was on WHO Advisory Committee on Cancer till March 2005. She was also Convener of the State Advisory Board on Cancer. She was Chairman of the INDO-US Collaborative Group on Lymphoid Neoplasias (Indian Chapter), member of the ICMR Task Force on Registries, and member of Syndicate of the Anna University, President of the Indian Society of Oncology (88-90), President of the APFOCC (97-99) and President of the 15th APCC (1999).

5. Dr. Shanta has published over 95 papers in national and international journals, contributed chapters in Oncology books, delivered many prestigious orations and participated in many international and national conferences. She was conferred the D.Sc. (honoris causa) of the Shri Venkateswara University, Tirupati, Andhra Pradesh for her outstanding contribution in the field of medicine in 1998 and D.Sc. (honoris causa) of the Tamil Nadu Dr. MGR University for the year 2002, D.Sc (honoris causa) of the Sathyabhama University in 2013 and D.Sc. (honoris causa) of Dr. N.T.R. University of Health Sciences in 2013.

6. Dr. Shanta has been honoured with many national and international Awards including Ramon Magsaysay Award for Public Service, (Philippines), Padma Sri and Padma Bhushan, Avvaiyar Award.